सार-समाचार

चीफ शहर काजी बने ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसाइटी के चूरू जिलाध्यक्ष

रतनगढ़ (निसं)। ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान प्रदेश के तत्वावधान में जोधपुर में आयोजित अखिल भारतीय हज खिदमतगार सम्मेलन-2026 में रतनगढ़ के चीफ शहर काजी रजामुराद अलवी एडवोकेट को ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसाइटी का चूरू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोयन पर सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं गणमान्यजनों ने खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि रज़ा मुराद अलवी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से समाज सेवा और हज यात्रियों की खिदमत के कार्य को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकीत खान, राष्ट्रीय महासचिव सैयद रियाज, प्रदेश अध्यक्ष इंतखाब आलम सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सीकर जिले में 29.8 लाख लोगों की आभा आईडी बन चुकी है

सीकर (निसं)। जिलेवासियों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) बनाया जाता है। यह 14 अंकों की विशिष्ट हेल्थ आईडी है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य से संबंधित रिकार्ड को डिजिटल रूप में अपने फोन में रख सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी नागरिकों की आभा आईडी बनाने तथा स्वास्थ्य रिकार्ड को आभा से लिंक करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एबीडीएम के तहत स्कैन एंड शेयर सुविधा के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर ओपीडी पंजीयन की प्रक्रियान को आसान बनाया गया है। इससे मरीजों को पंजीयन काउंटर पर लगने वाली कतार से राहत मिलती है और डिजिटल माध्यम से ओपीडी पंजीयन किया जा सकता है। राजस्थान सरकार ने इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में फास्ट ट्रेक काउंटर विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं। जिले के अधिकांश केंद्रों पर इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से रोगियों को स्वास्थ्य रिकार्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी।

मीटर कंट्रोल लाइन को लेकर चूरू सांसद राहुल कस्वां ने मुख्यमंत्री से मांगा स्पष्टीकरण

सादुलपुर (निसं)। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रस्तावित 40/75 मीटर कंट्रोल लाइन के क्रियान्वयन से उत्पन्न हो रही जन-चिंताओं को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। सांसद ने कहा कि इस विषय को लेकर प्रदेश के हजारों निवासी, व्यापारी, किसान एवं संपत्ति स्वामी अपने मकानों, प्रतिष्ठानों तथा आजीविका के भविष्य को लेकर असमंजस एवं चिंता की स्थिति में हैं। सांसद कस्वां ने पत्र में लोकसभा में उनके द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर का उल्लेख करते हुए बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 40/75 मीटर कंट्रोल लाइन के संबंध में मंत्रालय द्वारा कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फोरलेन दुर्घटना प्रकरण में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बिल्डिंग लाइन एवं कंट्रोल लाइन का विनियमन, अधिसूचना जारी करना तथा उनका क्रियान्वयन संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार एवं दायित्व के अंतर्गत आता है। सांसद ने कहा कि बिल्डिंग लाइन एवं कंट्रोल लाइन का निर्धारण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है तथा विभिन्न राज्यों में इस संबंध में अलग-अलग नियम एवं प्रावधान लागू हैं। ऐसे में राजस्थान की जनता को राज्य सरकार की नीति, लागू नियमों एवं इनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट एवं अधिकृत जानकारी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

पंचायत समिति में विधिक सेवा केंद्र पर ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

रतनगढ़ (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू एवं तालुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ के निर्देशानुसार पंचायत समिति रतनगढ़ परिसर स्थित विधिक सेवा केंद्र में बुधवार को ग्रामीणों को विधिक सेवाएं व कानूनी जानकारी प्रदान की गई। निर्धारित कार्य दिवस के अवसर पर पीएलवी अधिकार मित्र जितेंद्र कुमार नाथोलिया ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उन्हें विभिन्न कानूनी प्रावधानों, नि:शुल्क विधिक सहायता, उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पंचायत समिति से देवकीनंदन जोशी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। अधिकार मित्र नाथोलिया ने बताया कि जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति विधिक सेवा केंद्र के माध्यम से नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने व किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में विधिक सेवा केंद्र से संपर्क करने का आवाहन किया।

पूर्व प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में स्कूल बैग बांटे

पाटन (निसं)। राजकीय उत्कृष्ट बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय मावंडा आरएस में बुधवार को विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक रामप्रसाद निवासी नयाबास की ओर से विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका श्रीमती बनीता सैनी ने पूर्व प्रधानाध्यापक रामप्रसाद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलती है।

नोहर में विधायक ने 1.20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

■ विकास कार्य केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि उनका लाभ आमजन को धरातल पर मिलना चाहिए : विधायक अमित चाचाण

नोहर (निसं)। तहसील की ग्राम पंचायत रतनपुरा में बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक अमित चाचाण ने लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रतनपुरा के प्रशासक जिंदरपाल गोदारा ने की इन विकास कार्यों में विधायक कोष, जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत की सहभागिता रही।

इस अवसर पर विधायक अमित चाचाण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों में सड़क, पेयजल, नाली, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करवाना नहीं, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

विधायक ने कहा कि रतनपुरा में लगभग 1.20 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्य ग्रामीणों की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि उनका लाभ आमजन को धरातल पर मिलना चाहिए। क्षेत्र की जनता द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास में जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है।

गांव के विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए भविष्य में भी आवश्यकता के अनुसार नए विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने में सहयोग करने तथा गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

इस मौके पर विधायक ने कार्यकर्ताओं से निकले हुए पंचायत चुनाव की तैयारीयों में जुट जाने का आव्हान किया। उन्होंने गांव कि प्रत्येक समस्या का समाधान करवाया है वर्षों से जो समस्याएं चली आ रही थी उनका स्थाई समाधान करवाया गया समारोह में मंच संचालन दयाराम देवड़ा ने किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य श्रवण तंवर, लालचंद सारसर, कृष्ण बैनिवाल, लक्ष्मण सांखला, किशन कुमार सहारण, सत्यनारायण शर्मा, ब्रजलाल, जगदीश न्योल, सोहनलाल सुथार, कृष्णलाल शर्मा, बलवीर, गोपाल, जसवंत सहित ग्रामीण व प्रतिनिधि उपस्थित थे कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक अमित चाचाण का स्वागत किया और क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से भी विधायक को अवगत कराया। लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण रतनपुरा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों की सहभागिता से समारोह उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने आने वाले समय में भी गांव में विकास कार्यों की गति बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन सीटू की नई कार्यकारिणी गठित

रतनगढ़ (निसं)। आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन सीटू रतनगढ़ की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। ममता पारीक को अध्यक्ष, मुन्नी शर्मा को सचिव, रंजना चौमाल को कोषाध्यक्ष, शिवानी भाटी व प्रेमलता को उपाध्यक्ष चुना गया। संगठन सलाहकार सुमन दाधीच व रामप्यारी जाट, संगठन मंत्री मुक्ता सोनी व पूजा प्रजापत तथा प्रचार मंत्री मनभरी जाट व छोटू मेघवाल बनाए गए। बैठक में बकाया मानदेय, भवन व बिजली किराया, प्रोत्साहन राशि, पोषाहार राशि एवं पीएमएमवीवाई के लंबित भुगतानों सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। शुभकरण नैण, रामकृष्ण छींपा व रमेश चौधरी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष का आव्हान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ममता पारीक ने कार्यकर्ताओं के हित में मजबूती से संघर्ष करने की बात कही।

अयोध्या चंदा चोरी मामले पर बाल संत सूरजदास का बड़ा बयान

■ कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा : संत सूरजदास

झुंझुनूं (निसं)। अयोध्या स्थित ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी के बाल योगी संत सूरजदास के पहली बार झुंझुनूं पहुंचने पर पुरोहितों की बगीची में सर्व समाज और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं की ओर से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान अयोध्या के चर्चित चंदा चोरी मामले को लेकर संत सूरजदास ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने चंदा चोरी के सवाल पर उन्होंने सीधे किसी व्यक्ति का नाम लिए बिना कहा कि जैसे एक फैक्ट्री में हजारों लोग काम करते हैं और मालिक एक होता है, वैसे ही किसी के छल-कपट के लिए मालिक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि छल-कपट करने वाले को भगवान देखेंगे और उसे अपने कर्मों का फल मिलेगा। संत सूरजदास ने कहा- कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फल चाखा। उन्होंने कहा कि लोग जैसा कर्म करते हैं, वैसा ही उन्हें उसका परिणाम मिलता है। चंदा चोरी मामले को लेकर संत के इस बयान को लेकर समारोह में मौजूद लोगों के बीच भी चर्चा रही।

इससे पहले संत के पुरोहितों की बगीची पहुंचने पर सेवा कार्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने बगीची परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव और बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पुरोहितों की बगीची संस्था की ओर से संस्था अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, सचिव शिवचरण पुरोहित, गोपीराम पुरोहित, विनोद कुमार पुरोहित, प्रदीप पुरोहित एवं पूनम पुरोहित ने महाराज श्री को माल्यार्पण, दुपट्टा एवं शॉल ओढ़ाकर संस्था की ओर से भावभीना स्वागत किया। इसके अलावा लॉयंस क्लब झुंझुनूं, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था, गौड़ ब्राह्मण महासभा, विश्व हिंदू परिषद, दाधीच ब्राह्मण सेवा समिति, पारीक समाज, सैनी समाज, रामचरित मानस मंडल व शिव महिम्न मंडल के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं मातृ शक्ति ने भी पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर पवन कुमार शर्मा देरवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, शिव कुमार जांगिड़, गोपाल कृष्ण गुप्ता, संपत राम पुरोहित, पवन पुजारी, वशिष्ठ शर्मा, रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, मांगीलाल सेन, विनोद कुमार पुरोहित, सुनील कौशिक, रमेश दाधीच, विजय कुमार सैनी, एडवोकेट रवि शुक्ला आदि मौजूद थे।

नागौर के सत्येन्द्र चारण को पुरस्कार मिलेगा

जयपुर/चूरू (कासं)। प्रयास संस्थान चूरू द्वारा राजस्थानी भाषा के पैंतीस वर्ष से कम के युवाओं को दिया जाने वाला वार्षिक दुर्गेश युवा पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए गांव झोरड़ा, नागौर के युवा कवि सत्येन्द्र चारण को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान के संस्थापक डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि 10 अगस्त 1998 को नागौर के गांव झोरड़ा निवासी सत्येन्द्र चारण को उनकी काव्यकृति 'भींत भरोसै री' के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।

संस्थान सचिव कमल शर्मा ने बताया कि युवा कवि चारण को चूरू में प्रस्तावित समारोह में पुरस्कार स्वरूप इक्कावन सौ रुपये नगद, शॉल, श्रीफल और मानपत्र प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चूरू के दिवंगत साहित्यकार दुर्गेश की स्मृति में संस्थान द्वारा वर्ष 2016 से प्रारंभ इस पुरस्कार से अबतक कालू-बीकानेर के कमलकिशोर पीपलवा, उदयपुर की रीना मेनारिया, सूरतगढ़ के सतीश छींपा, राजपुरा-तारानगर के उम्मेद धानिया, जैसलमेर के महेंद्रसिंह छायण, गुसाईंसर बड़ा-बीकानेर के पूनमचंद गोदारा, झाक-बाड़मेर के जेठानंद पंवार आदि युवा साहित्यकार समादृत हो चुके हैं।

खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सांसद कस्वां की केन्द्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात

■ खरीद करते समय अनेक प्रकार की शर्तें किसानों पर थोपी जाती हैं, जिस कारण उनकी तय सीमा में की जा रही खरीद भी पूर्ण नहीं हो पाती : राहुल कस्वां

चूरू (कासं)। सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद का मुद्दा उठाते हुए सांसद कस्वां ने कहा कि राजस्थान और खासकर शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग देश में मुख्य मूंग उत्पादक क्षेत्र हैं। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 5.23 लाख टन मूंग खरीद का लक्ष्य रखा गया है, और इस खरीद में से अधिकतर हिस्सा केवल एक ही राज्य से किया जा रहा है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के किसानों व किसान संगठनों के द्वारा मूंग की 100 फसल उत्पाद को समर्थन मूल्य पर खरीद किये जाने हेतु आंदोलन किया गया, जिसके बाद राज्य सरकार द्वारा कुल उत्पादन की 25 की खरीद सीमा को बढ़ाकर 60 कर दिया गया है।

राजस्थान वैसे ही असिंचित क्षेत्र है व अधिकतर वर्षा आधारित खेती होती है, विपरीत परिस्थितियों के चलते यहां का किसान लगातार काफी आर्थिक नुकसान में रहता है। इसके बावजूद भी खरीद किये जाते समय अनेक प्रकार की शर्तें किसानों पर थोपी जा रही हैं, जिसके कारण किसानों की तय सीमा में की जा रही खरीद भी पूर्ण नहीं हो पा रही है। अत: केंद्र सरकार इस मामले में तुरंत संज्ञान लेकर राजस्थान के किसानों से भी 100 मूंग की खरीद समर्थन मूल्य पर करने की व्यवस्था करवाया, जिससे किसानों को संबल मिल सके।

सांसद कस्वां ने पीएम धन्य धान्य योजना से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए कहा कि राजस्थान के 8 जिलों का चयन इस योजना के तहत किया गया है, जहां दलहन की 100 प्रतिशत खरीद किये जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन भारत सरकार ने योजना में तुअर, उड़द व मसूर दाल को ही इसमें शामिल किया है। राजस्थान के चयनित 8 जिलों में इन दालों का उत्पादन नगण्य है, जबकि मूंग और चना जैसी बहुतायत में उत्पादित होनी वाली दलहनी फसलों को योजना से बाहर रखा गया है। चना व मूंग दाल को शामिल नहीं किए जाने के कारण उक्त योजना किसानों के लिये कतई लाभकारी साबित नहीं हो पा रही है। अत: किसान हित को देखते हुए पीएम धन-धान्य योजना में मूंग व चना फसलों को शामिल किया जाए।

साथ ही इस योजना के दिशा-निर्देशों में भारत सरकार ने प्रत्येक जिला स्तर व राज्य स्तर पर समिति के गठन का प्रावधान किया है, लेकिन इस समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों को शामिल नहीं किया गया है। किसानों से जुड़ी मुख्य समस्याओं और सुझावों को रखने वाला कोई किसान प्रतिनिधि इन समितियों में नहीं होने से योजना के उचित क्रियान्वयन और लाभ की सुनिश्चिता प्रभावित होनी तय है। अत: इस अति महत्वपूर्ण विषय पर अविलंब विचार कर जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय समिति में जनप्रतिनिधि व किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

सार-समाचार

मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाने और प्राचीन मूर्तियां बरामद करने की मांग

पाटन (निसं)। ग्राम बक्सीपुरा पटवार हल्का घासीपुरा, तहसील पाटन स्थित श्री ठाकुर सीताराम मंदिर की भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण हटाने तथा मंदिर से चोरी हुई प्राचीन मूर्तियों एवं अन्य सामग्री बरामद करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत धर्मदास महाराज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में महंत धर्मदास ने बताया कि वर्तमान में मंदिर की जिम्मेदारी महंत बलबीर दास के पास है पूर्व में जिसके पास जिम्मेदारी थी उस दौरान प्राचीन मूर्ति, छतर एवं अन्य सामग्री चोरी हो गई थी। उन्होंने कानूनी कार्रवाई कर चोरी हुई सामग्री बरामद करवाने की मांग की। साथ ही मंदिर की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा भूमाफियाओं से मिलीभगत कर किए गए कथित अवैध अतिक्रमण और कब्जे को हटाने की मांग की गई।महंत ने कहा कि मंदिर संत समाज से जुड़ा हुआ प्राचीन धार्मिक स्थल है। इसलिए मंदिर की भूमि को संत समाज के संरक्षण में सौंपा जाए। मंदिर परिसर में बनी प्राचीन संत समाधियों का भी जीर्णोद्धार करवाने की मांग ज्ञापन में की गई।ज्ञापन में कहा गया कि प्राचीन मूर्तियों की चोरी और मंदिर की भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर साधु समाज और ग्रामीणों में रोष है। प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं किए जाने पर संत समाज, ग्रामीणों और जनसेवकों की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महंत रामेश्वर नाथ, महंत दिनेश गिरी, महंत विशंभर दास, नवीन काजला सहित अन्य मौजूद रहे।

गोगाजी का प्रसिद्ध मेला 28 अगस्त से शुरू होगा

नोहर (निसं)। लोक देवता गोगाजी का प्रसिद्ध वार्षिक मेला इस बार 28 अगस्त से शुरू होकर 27 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नीलामी प्रक्रिया और राजस्व लेखाधिकारी अजय दूड़िया ने जानकारी दी है कि मेले में लगने वाली अस्थाई दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। देवस्थान विभाग की ओर से 7 अगस्त से यह प्रक्रिया आरंभ हुई थी, जो कुल छह चरणों में पूरी होनी है। अब तक मेले की नीलामी के दो चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। इन शुरुआती दो चरणों में कुल 107 दुकानों की नीलामी की गई है। इस प्रक्रिया से देवस्थान विभाग को लगभग 2 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। शेष चार चरणों की नीलामी को 12 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार बढ़ाई गई दुकानों की संख्या इस वर्ष मेले में कुल 652 अस्थाई दुकानों की नीलामी की जाएगी, जबकि पिछले साल कुल 624 दुकानों की नीलामी हुई थी। पिछले वर्ष इन दुकानों के जरिए देवस्थान विभाग को करीब 5.50 करोड़ रुपए की आय हुई थी। दुकानों की संख्या 624 से बढ़ाकर इस बार 652 किए जाने के कारण विभाग को उम्मीद है कि इस बार राजस्व में पिछले साल की तुलना में और अधिक बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरों का प्रदर्शन

चिड़ावा (निसं)। शहर में मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत मजदूरों ने शहर में फैले गंदे कचरे को उठाने से साफ इनकार कर दिया, जिसके चलते मामला तूल पकड़ गया। विरोध जताते हुए ये सभी मजदूर अपने निर्धारित कार्य को बीच में ही छोड़कर नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और सड़क पर प्रदर्शन किया। मजदूरों का स्पष्ट कहना था कि सफाई का यह कार्य उनके नियमित दायरे में नहीं आता है, इसलिए वे सड़क पर पड़े हुए गंदे कचरे को नहीं उठाएंगे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) आकाश पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए मजदूरों से बातचीत शुरू की। उन्होंने मजदूरों की समस्याओं और उनकी आपत्तियों को बेहद गंभीरता से सुना। इसके बाद जेईएन आकाश ने उन्हें योजना के नियमों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए समझाइश दी और उनकी अन्य उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भरोसा दिलाया।

कार्यालय नगर परिषद, सुजानगढ (चूरू) राजस्थान

क्रमांकःन.प.सु./ भूमि शाखा/2026/5614 दिनांक : 12.08.2026

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित संस्थान द्वारा (भू-आवंटन नीति 2025 के अन्तर्गत) विद्यालय हेतु नि:शुल्क भू-आवंटन बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	पता	ख.न.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	भूमि का प्रकार/किस्म
1	आदर्श शिक्षण संस्थान जरिए अध्यक्ष भानीराम प्रजापत पुत्र सुआराम प्रजापत	नया बास स्टेडियम के पास, जेसराज पीपलवा स्कूल सुजानगढ़	1943/1883	5768.30	शैक्षिणक (संस्थानिक)

आयुक्त नगर परिषद् सुजानगढ़

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in
Fax & Phone: 01559-222039

क्रमांक :- न.पा.रा./ निर्माण / 2026-27/3127 दिनांक :- 11/08/26

निविदा सूचना/2026-27

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / प्लेसमेन्ट एजेन्सियों / कम्पनीयों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका राजगढ़ द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए निविदा आमन्त्रण की जा रही हैं। निविदा दिनाकं 18.08.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 18.08.2026 को सांय 03.00 बजे तक प्राप्त किये जावेगें एवं निविदा उक्त दिवस को सर्वेदको / फर्मधारकों व सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

NIB CODE - DLB2627A7124

SR No.	UBN No.	SR No.	UBN No.
1	DLB2627WSOB18325	3	DLB2627WSOB18327
2	DLB2627WSOB18326	4	DLB2627WSOB18328

(कृष्ण कुमार छाबा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)